हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

RERA No.: PCGRERA040925001965

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

A Project by:

Swarna Shikhar
3BHK SPLENDID APARTMENTS

घर का सपना सच करें

द ग्रैंड लक्जरी लिविंग एक्सपीरियंस

आपका इंतजार कर रहा है



ऊंचाई सिर्फ इमारत की नहीं होती
ऊंचाई तो उन सपनों की होती है
जो परिवार के साथ पूरे होते है

स्वर्ण शिखर

साईट एड्रेस
डीएलएस कॉलेज रोड, अशोक नगर,
सरकंडा बिलासपुर











Podium Garden | Plunge Pool | Decorative Entrance | Walking Track | Children's Play Area | 24x7 Water | Power Backup | Fire Safety | Lift | CCTV

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

Red. Office: Behind High Court,
Chhatalund Road, Bilaspur (C.G.)

Contact for Site Visit & Booking:
6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

MODERN LIFESTYLE | PRIME LOCATION | TRUSTED DEVELOPER

खबर संक्षेप

विधायक ने नव निर्मितत महतारी सदन भवन का किया लोकार्पण

कुसमी। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने नव निर्मित महतारी सदन भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत द्वारा उपस्थित लोगों एवं समूह के दीदियों को बताया कि यह भवन आप लोगों के लिए बना है। आप लोगों को बैठक करने हेतु इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र एवं की भाजपा सरकार एवं राज्य की विष्णु देव की सरकार आप सभी को समूह के माध्यम से लोन दिलाकर आगे बढ़ने की रास्ता को आसान कर दिया है। , बैंक से लोन लेकर आप सभी लोग छोटा छोटा व्यवसाय कर अपना जीवन यापन अच्छे से कर सकते है। कार्यक्रम का सफल संचालन अमरेश यादव द्वारा किया गया। साथ ही विधायक सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा बीटीआई कार्यालय एवं महतारी सदन भवन में दोनों जगह फलदार पौधारोपण किया। इस दौरान अशोक सोनी, आनंद जायसवाल, शशि टोप्पो, जन्मजय सिंह, केदार गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, माधुरी लकड़ा, अर्जुन यादव, महेंद्र यादव, राजेश्वर गुप्ता, इंद्र देव निकुंज, देव साय भगत, सीजे प्रजापति, राजेश्वर यादव, लल्लू यादव, पारस पाल, रमेश भगत, अभिषेक गुप्ता मनोज गुप्ता, डॉ. महेंद्र सिंह मरकाम सहित अन्य मौजूद रहे।

बरियों में महतारी सदन का लोकार्पण, विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने छठ घाट में किया श्रमदान

बलरामपुर। सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने ग्राम बरियों में महतारी सदन का लोकार्पण कर इसे ग्रामीणों को समर्पित किया। महतारी सदन से महिलाओं एवं समुदाय को स्थानीय स्तर पर आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का संदेश दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सेवा संकल्प अभियान की स्वच्छता ही सेवा गतिविधि के तहत छठ घाट में सामूहिक श्रमदान किया गया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर घाट परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



रामचन्द्रपुर। शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक नमोः गाथा की प्रस्तुति ग्राम पंचायत भवन विशुनपुर में दी गयी। कार्यक्रम में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से नमामि गंगे योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल घर योजना, उज्जवला योजना, अग्निवीर योजना, पीएम सूर्यघर योजना, 112 योजना, भारत माला योजना, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पूर्व छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय से रैली कार्यक्रम स्थल तक रैली निकाली। अभियान के नोडल डॉ.गुलशन केरकेट्टा ने बताया कि सेवा संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रंगोली प्रतियोगिता और केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों को अवगत कराया गया।

शासकीय महाविद्यालय में रासेयो ने मनाया शहीद दिवस

रामचंद्रपुर। शासकीय महाविद्यालय में रासेयो द्वारा शहीद भगत दिवस मनाया गया। डॉ.भूपेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि भगत सिंह 23 वर्ष की उम्र में देश के लिए बलिदान हो गये। उनके साथ राजगुरू और सुखदेव को 23 मार्च 1931 को फांसी पर लटका दिया गया। भगत सिंह स्वदेशी आंदोलन में गरम दल के नेता रहे है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गुलशन केरकेट्टा ने बताया कि वर्ष 1928 में गरमदल के नेता लाला लाजपत राय की लाठीचार्ज में मृत्यु हो गई। लाठीचार्ज को आदेश देने वाले साण्डर्स की भगत सिंह एवं उनके साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

अंकेक्षण पूर्व तैयारी समझने विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक सर्वेक्षण

वाड्रफनगर। शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय के बी.कॉम, पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने डॉ.अनिल नायर एवं सुश्री शालिनी कुजूर के मार्गदर्शन में कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट संस्था, जैन क्लॉथ्स एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा का शैक्षणिक सर्वेक्षण किया।

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक Q /वाचक / 2026
बैकुण्ठपुर दिनांक 28/9/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी / नगरवासी ग्राम चोपन को आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका जयपाल सिंह पिता/पति स्व. सहोरन जाति गोंड़ निवासी चोपन तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा कुशल प्रताप सिंह निवासी चोपन का जन्म दिनांक 30/04/2008 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र, बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 4/10/2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 28/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

ज्ञान, कौशल और खुशहाली से बनेगा सशक्त समाज

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में बुधवार को मानव समाज के हित में कल्याणकारी उद्बोधनों सहित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के पुनर्मिलन एवं नवीनीकरण समारोह के तहत एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

प्रकोष्ठ-4 एवं प्रकोष्ठ-6 के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे ने आयोजन के उद्देश्य एवं उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर सहित रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर, शासकीय नवीन महाविद्यालय सोनहत तथा शासकीय रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय वाड्रफनगर, बलरामपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों से पहुंचे विषय विशेषज्ञों ने छात्राओं को जीवन-कौशल एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। पॉलिटेक्निक कॉलेज बैकुण्ठपुर के रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. हरिचरण पाण्डेय ने तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान देते हुए कहा कि तनाव आधुनिक जीवन की सामान्य चुनौती है। उचित दृष्टिकोण, आत्मनियंत्रण और संतुलित दिनचर्या के माध्यम से इसका प्रभावी प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने सकारात्मक सोच एवं नियमित जीवनशैली को तनाव कम करने में उपयोगी बताया। इसी महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के दीपक कुमार साहू ने व्यक्तिगत विकास पर विचार रखते हुए कहा कि व्यक्तित्व का निर्माण निरंतर सीखने, आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद और सकारात्मक व्यवहार से होता है। उन्होंने छात्राओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रसायनशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋचा श्रीवास्तव एवं वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री ऋचा चेलकर ने किया। राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक भारत सिंह ने अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

छात्र-छात्राओं ने नेत्रहीन विद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण



बैकुण्ठपुर। न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुंठपुर के बी.एस.सी. नर्सिंग तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने संस्था के संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के निर्देशन में शिक्षिका गीता चक्रधारी एवं तरून कुशवाहा के साथ नेत्रहीन षिक्षण -प्रषिक्षण विद्यालय आमाखेरवा, मनेन्द्रगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने अध्ययन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नेत्रहीन विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार चहोकर के द्वारा पूरे विद्यालय का भ्रमण कराया गया, भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देखा की नेत्रहीन बच्चों के द्वारा ब्रेल लिपि के माध्यम से अध्ययन कैसे करते हैं। साथ ही साथ गणित की शिक्षा टेलर फार्म के द्वारा कैसे होती है इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की, कक्षा 8वीं के बाद नेत्रहीन विद्यार्थियों को संगीत की भी शिक्षा दी जाती है। साथ ही प्राचार्य के द्वारा बताया गया की नेत्रहीन बच्चों के द्वारा एंड्रॉएड फोन का उपयोग जॉर्ज एंड्रॉएड ऐप के माध्यम से किया जाता है। जिससे संबंधित नेत्रहीन शिक्षण-प्रशिक्षण विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने नेत्रहीन बालकों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई एवं स्वास्थ्य जांच अन्तर्गत रक्तचाप, वजन, लम्बाई जांच किया गया।

57 सेवानिवृत्त कामगारों का किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. बैकुंठपुर



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के गौतम सदन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जुलाई से सितंबर माह के बीच चरचा माइंस आरओ, कटकोना, पंडोपारा एवं झिलमिली क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए कुल 57 कामगारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कंपनी में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के योगदान को याद करते हुए उनके सेवानिवृत्त जीवन के लिए सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक नरेश प्रसाद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीएम ऑपरेशन श्रवण कुमार, जीएम ईएंडएम भगतां बंधु दास, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक गौरव दुबे, विकास शंकर ओझा एवं एरिया ट्रेनिंग ऑफिसर सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्रीय महाप्रबंधक नरेश प्रसाद का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद जुलाई से सितंबर माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए कामगारों को महाप्रबंधक द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान कर्मचारियों के सेवाकाल एवं कंपनी के प्रति उनके योगदान को भी स्मरण किया गया। जुलाई माह में एरिया से 10 कामगार सेवानिवृत्त हुए, इसमें चरचा आरओ से रामाशंकर पांडेय, हुकुम साई, दुलार राउत एवं श्यामलाल सेवानिवृत्त हुए।इस प्रकार अगस्त माह में 12 कामगार जो चरचा से सायंत्री, बरेलाल, प्रभात कुमार दास, सुरेश नारायण साहू एवं योगेंद्र श्रीवास्तव सेवानिवृत्त हुए। वहीं सबसे अधिक सितंबर माह में 37 कामगार एरिया से सेवानिवृत्त हुए। जो चरचा आरओ से 24 कामगार सेवानिवृत्त हुए, इसमे धनु, एम.डी. नईम, पुराण चंद, जगीर, हरभजन, हीरा साई, निरंजन नायक, भैया लाल, बाल मुकुंद, कृष्ण लाल, ललित कुमार, प्रेमशंकर, भईयालाल, रामकृपाल, रमेश, अझहर अली, लिलो दास, जग्गू, मंसूर अली, संतोष दास, देव दास, राजू नाहक, सियाराम एवं पंचू सहित अन्य कामगार सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक नरेश प्रसाद ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके लंबे सेवाकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान कंपनी के संचालन एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सेवानिवृत्ति सेवा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। लंबे समय तक कंपनी के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान उनके योगदान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है।समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कामगारों के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वीबी जीरामजी योजना से विकसित पंचायत प्लान बनाने पर प्रशिक्षण



बैकुण्ठपुर। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में ग्रामीण विकास विभाग के तकनीकी अमले का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। विकसित भारत जी राम जी योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा अपने को विकसित ग्राम पंचायत बनाने के लिए किस प्रकार कार्ययोजना बनाई जाएगी। इस प्रशिक्षण में कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी, कार्यक्रम अधिकारी और सभी तकनीकी सहायक शामिल हुए। जिले के मास्टर ट्रेनर सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि विकसित ग्राम पंचायत प्लान के माध्यम से ग्राम पंचायत की मौजूदा परिसंपत्तियों, स्थानीय आवश्यकताओं और विकासात्मक अंतराल को चिन्हित कर प्राथमिकता वाले कार्यों की योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए युक्तधारा पोर्टल पर आधारभूत आंकड़ों का संकलन, परिसंपत्तियों का मानचित्रण, आवश्यकताओं की प्रविष्टि, संभावित कार्यस्थलों की पहचान किए जाने पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही इसकी ऑनलाइन प्रक्रिया को समझाया गया। प्रशिक्षण में वाटर बजट एवं जल संरक्षण से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर भी विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि जल उपलब्धता और जरूरत के वैज्ञानिक आकलन के आधार पर ग्राम पंचायतें जल संरक्षण एवं संबंधित कार्यों को अपनी विकास योजना में शामिल कर सकेंगी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मैदानी अमले को विकसित भारत जी राम जी योजना एवं विकसित ग्राम पंचायत प्लान की प्रक्रिया में दक्ष बनाकर आगामी ग्राम सभा में सभी वर्ग की प्रभावी सहभागिता और योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए तैयार करना रहा।

न्यू लाईफ में एमएससी एवं पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ



बैकुण्ठपुर। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रम उपरान्त बेहतर भविष्य के संबंध में अवगत कराया गया कि, वर्तमान में नर्सिंग की षिक्षा एक बेहतर विकल्प है, जो कोरिया जिले में ही रहकर प्राप्त किया जा सकता है एंव रोजगार की शत प्रतिशत गारंटी देता है। आज देश दुनिया में जितनी तेजी से नए-नए हॉस्पिटलों का निर्माण हो रहा है, बीमारी एवं मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वर्तमान में ज्यादा से ज्यादा नर्सिंग पदों पर भर्ती हो रही है। बीएससी नर्सिंग उपरान्त पीजी, एमएससी नर्सिंग कोर्स किया जा सकता है। बीएससी नर्सिंग में प्रवेश हेतु हायर सेकेण्डरी शिक्षा उपरांत बायोलॉजी संकाय के विद्यार्थियों के द्वारा चार वर्षीय, आठ-सेमेस्टर कोर्स किया जा सकता है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल के संदर्भ से जारी संशोधित बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के संबंध में सूचना प्रदान की गयी है। बीएससी नर्सिंग कोर्स में प्रवेश लेने हेतु शासन द्वारा बायोलॉजी संकाय विषय अनिवार्य है। जीएनएम उर्त्तीण अभ्यर्थी दो वर्षीय पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु पात्र है। बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में रूचि रखने वाले आवेदक को छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, रायपुर छ.ग. के द्वारा सत्र 2026-27 में व्यापम द्वारा आयोजित पीएनटी प्री नर्सिंग टेस्ट परीक्षाओं के प्राप्तांको के आधार पर किया जाएगा। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग इंडियन नर्सिंग काउंसिल दिल्ली, से उपयुक्तता, छ.ग. शासन, नर्सो के पंजीयन हेतु स्टेट नर्सिंग काउंसिल रायपुर से मान्यता एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त है।

नेत्रहीन विद्यार्थियों के बीच मनाया गया पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जय हिंद का जन्मदिन बुधवार को नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता और संवेदनशील वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने विद्यार्थियों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की, जलपान किया और उनके साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य श्रीमती आनंदी एक्का ने विद्यालय की गतिविधियों, विद्यार्थियों की शिक्षा, उनकी प्रतिभाओं तथा संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए वास्तव में एक यादगार दिन रहा। जन्मदिन की खुशी यदि उन बच्चों के साथ साझा की जाए, जो जीवन की चुनौतियों के बावजूद पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तो उसका आनंद और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आंखों की रोशनी सीमित हो सकती है, लेकिन हौसलों की रोशनी को कोई सीमा नहीं रोक सकती। जिला ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर सोनी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बेहद खास और यादगार रहा। बच्चों के बीच बैठकर उनसे बातचीत करना और उनके साथ खुशी साझा करना मन को बहुत सुकून देने वाला अनुभव रहा। जिला कांग्रेस सचिव अविनाश ठाकुर ने कहा कि आज हम सभी ने महसूस किया कि खुशी बांटने से ही बढ़ती है। बच्चों ने जिस आत्मीयता के साथ स्वागत गीत गाकर हमारा स्वागत किया, वह पल हम कभी नहीं भूलेंगे। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष सुशीला भगत, अतहर अली, संतोष गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।



नपं बिश्रामपुर में स्वच्छता मित्रों व दीदियों का किया गया सम्मान

बिश्रामपुर। नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय परिसर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'स्वच्छता सफाई, सुरक्षा एवं सम्मान शिविर' का आयोजन किया गया,शिविर में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदियां शामिल हुईं।कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण किया गया,इस अवसर पर नगर की साफ-सफाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छता मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया,साथ ही कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग की जानकारी दी गई,अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता कर्मी शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है,कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों ने बिश्रामपुर को स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

चुनाव आयोग की स्पष्टता से कांग्रेस के आरोप बेनकाब- देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।



भारतीय जनता पार्टी द्वारा विश्राम गृह बैकुंठपुर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस और विपक्षी इंडी गठबंधन पर चुनाव आयोग एवं संवैधानिक संस्थाओं को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की बैठक और संयुक्त प्रेस वक्तव्य के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। कांग्रेस और विपक्ष केवल झूठी सनसनी फैलाने का काम कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा दोनों चुनाव आयुक्तों की 26 सितंबर को हुई बैठक के बाद जारी संयुक्त प्रेस वक्तव्य में स्पष्ट किया गया है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन सहित आयोग के प्रमुख निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 24 जून के मूल आदेश से लेकर विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए तय समय-सारणी तक सभी निर्णय आयोग की पूर्ण सहमति से लिए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कैबिनेट सेक्रेटरी को लिखा गया पत्र किसी नीतिगत विषय अथवा से संबंधित नहीं था। उन्होंने एक अखबार के रिपोर्ट को भी तथ्यों के बजाए कल्पना पर आधारित कहानी बताया। और फॉर्म-6 के घोषणा पत्र को लेकर भी सर्वोच्च न्यायालय पूर्व में अपनी वैधता स्पष्ट कर चुका है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस राजनीतिक स्वार्थ के लिए चुनाव आयोग, सर्वोच्च न्यायालय और अन्य संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा पर सवाल उठा रही है। इस असवर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष कुन्ती चक्रधारी, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, गणेश यादव, नगर निकाय प्रकोष्ठ सह संयोजक प्रशांत गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष संतोष राजवाड़े, महामंत्री हरिओम साहू उपस्थित रहें।

पृष्ठ 3 का शेष

बुजुर्गों का आशीर्वाद ...

राजवाड़े एवं श्रीमती शिव कुमारी सोनपाकर, वरिष्ठजन, पेंशनर समाज संघ, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, केबी जायसवाल, पंकज गुप्ता, शारदा गुप्ता, तीरथ राजवाड़े, मनोज साहू, रमेश तिवारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, शहरवासी, ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। देहदान के लिए कराया पंजीयन- अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मानव सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों ने मरणोपरांत अंगदान और देहदान के लिए पंजीयन कराया। बैकुंठपुर निवासी पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, पंडित अनिल शर्मा, लालसाय चिकंजुरी, विकास मित्रा, नायक, रिटायर्ड सैनिक ने संपूर्ण अंगदान किया। विमला भगत, अजय कुमार साहू ने नेत्रदान किया तो वहीं भूपेंद्र कुमार पॉल ने देहदान का पंजीयन कराया। अंगदान और देहदान के इन संकल्पों ने कार्यक्रम में सेवा की भावना को और गहरा किया।

2500 से अधिक लोगों ने कराया पंजीयन- वरिष्ठजनों के सम्मान के साथ उनके स्वास्थ्य की चिंता को भी कार्यक्रम में प्रमुखता दी गई। आयोजित वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 2500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच के लिए पंजीयन कराया। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, आंख, हड्डी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकीय परामर्श, निःशुल्क दवा वितरण, आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड निर्माण की सुविधा भी उपलब्ध रही। कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनवाने तथा वरिष्ठजनों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। वहीं कार्यक्रम में 18 दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों को ट्रायसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी और छड़ी सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। मत्स्य पालन विभाग द्वारा पांच हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स भी प्रदान किए गए। सेवा संकल्प अभियान का संदेश-कार्यक्रम में डिजिटल साक्षरता, सड़क एवं साइबर सुरक्षा, दिव्यांगजन सहयोग, अंगदान संकल्प, नशा-मुक्त भारत, वीरगाथा एवं सैनिक सम्मान तथा सैनिक कल्याण से संबंधित जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई।

जन्मदिन पर स्वास्थ्य...

स्कैन सुविधा शुरू होने से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में एक और महत्वपूर्ण सुविधा जुड़ गई है। स्थानीय स्तर पर आधुनिक जांच उपलब्ध होने से विशेषकर गंभीर एवं आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

ब्लाक स्तरीय सेवा सेतु शिविर

मनेन्द्रगढ। सेवा संकल्प अभियान के तहत आमजन तक शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के जनपद पंचायत सभाकक्ष अमृत सदन में विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं, खाद्य सुरक्षा व्यवस्था तथा राशनकार्ड से जुड़े कार्यों एवं प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को दी गई। शिविर की अध्यक्षता सहायक संचालक खाद्य विभाग हुलेश डडसेना ने की। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी विष्णुनारायण शुक्ला, खाद्य निरीक्षक मनेन्द्रगढ़ भूपेंद्र राज, खाद्य निरीक्षक केल्हारी श्रीमती ममता भगत, विधायक प्रतिनिधि श्रीमती कन्याकुमारी सिंह, ग्राम पंचायत छिपछिपी एवं तेंदूडांड के सरपंच, नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ के पार्षद एवं एल्डरमैन, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

महतारी वंदन योजना की 10 हितग्राही महिलाएं सम्मानित

मनेंद्रगढ़। सशक्त एमसीबी सेवा संकल्प अभियान एवं पोषण माह 2026 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना मनेंद्रगढ़ ग्रामीण द्वारा ग्राम लालपुर के आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी के मागदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यवेक्षक शिल्पा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर महिलाओं और हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पोषण, स्वास्थ्य एवं कुपोषण से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में न्योता भोज का आयोजन कर 25 बच्चों को भोजन कराया गया। वहीं अन्नदान महादान के अंतर्गत 20 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन कराया गया। स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता के तहत पांच बच्चों के पालकों को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। पौष्टिक थाली का प्रदर्शन एवं व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महतारी वंदन योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग तथा राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर हितग्राहियों से संवाद किया गया। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं ने योजना से मिले लाभ और अपने अनुभव अन्य महिलाओं के साथ साझा किए। इस अवसर पर योजना की 10 हितग्राही महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।



तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 स्वास्थ्य मंत्री ने जरौंधा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया शुभारंभ



खबर संक्षेप

बरबसपुर में नमो सेवा गाथा की आकर्षक प्रस्तुति

मनेन्द्रगढ़। सशक्त एमसीबी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में नमो सेवा गाथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बंजी के कलाकारों ने लोककला, गीत-संगीत एवं संवाद के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और अभियानों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने सरल एवं रोचक अंदाज में योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने और पात्रतानुसार उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित ह्यनमो सेवा गाथा में शासन की उन योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रमुखता से शामिल किया गया।

एमसीबी में जिला स्तरीय शिविरों का होगा आयोजन

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में तीन जिला स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 अक्टूबर को खड़गवां, 5 अक्टूबर को मनेन्द्रगढ़ और 7 अक्टूबर को भरतपुर विकासखंड में जिला स्तरीय शिविर आयोजित होंगे। शिविरों के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों एवं विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत एमसीबी द्वारा तीनों विकासखंडों में शिविरों के प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

मिनी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

बुजुर्गों का आशीर्वाद हमारे लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बैकुंठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सेवा, सम्मान और संवेदना की तस्वीर देखने को मिली। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव और पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने स्वयं का स्वागत कराने के बजाए वरिष्ठजन के सम्मान को प्राथमिकता दी।

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने बुजुर्गों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में जहां वरिष्ठजनों के सम्मान ने नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और अनुभव की पूंजी से जोड़ने का संदेश दिया, वहीं नागरिकों द्वारा अंगदान और देहदान का संकल्प मानव सेवा की भावना को नई दिशा देता नजर आया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि आज वृद्धजन दिवस है और ऐसे अवसर पर सम्मान का केंद्र वरिष्ठजन ही होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवनभर परिवार और समाज के निर्माण में योगदान देने वाले बुजुर्ग अनुभवों की खान हैं। उन्होंने कहा, जिन्होंने हमारा हाथ पकड़कर हमें आगे बढ़ाया, आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनका हाथ पकड़ें। इन वरिष्ठजनों का आशीर्वाद ही हमारे लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठजन केवल उम्र में हमसे बड़े लोग नहीं हैं, बल्कि उनके पास जीवन के लंबे अनुभव की ऐसी पूंजी है, जिससे परिवार और समाज को हर कदम पर मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने नागरिकों से वरिष्ठजनों के साथ समय बिताने, उनसे संवाद करने और उनके अनुभवों का सम्मान करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत योगेंद्र श्रीवास ने स्वयं का स्वागत कराने के बजाए वरिष्ठजनों के सम्मान को महत्व दिया। शिविर के दौरान यातायात नियमों की जानकारी हवलदार डॉ. महेश मिश्रा द्वारा दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, एसईसीएल बैकुण्ठपुर के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े एवं श्रीमती शिव कुमारी सोनपाकर, वरिष्ठजन, पेंशनर समाज संघ, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, केबी जायसवाल, पंकज गुप्ता, शारदा गुप्ता, तीरथ राजवाड़े, मनोज साहू, रमेश तिवारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, शहरवासी, ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

वनौधालय संजीवनी ने दी स्वास्थ्य परामर्श सेवा



मिनी स्टेडियम में आयोजित सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत वन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में वनौषधि एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान वनौषधालय संजीवनी, बैकुण्ठपुर के वैद्यराज पंडित अरुण शुक्ला ने ग्रामीणों का नाड़ी परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। वैद्यराज पंडित अरुण शुक्ला ने उपस्थित ग्रामीणों को आयुर्वेद, वनौषधियों और प्राकृतिक जीवन-पद्धति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए प्राकृतिक एवं पारंपरिक उपायों के प्रति लोगों को जागरूक किया। सुदूर वनांचल क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नाड़ी परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श सेवा का लाभ लिया। वन विभाग के स्टॉल पर वनौषधियों एवं आयुर्वेदिक उत्पादों की उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा वनांचल क्षेत्रों से आए ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों तक पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान और वनौषधियों की उपयोगिता पहुंचाने का प्रयास किया गया।



जन्मदिन पर स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल को दी सीटी स्कैन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/डोमनहिल

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने 50वें जन्मदिन के अवसर पर चिरमिरी जिला अस्पताल में करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित सीटी स्कैन मशीन का विधिवत शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिली है। अब गंभीर बीमारियों एवं आपात परिस्थितियों में मरीजों को सीटी स्कैन जांच के लिए दूसरे शहरों अथवा निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

■ अब मरीजों को जांच के लिए नहीं जाना पड़ेगा दूसरे शहर

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अपने जन्मदिन को मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच मनाया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा फल एवं अन्य सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से भी चर्चा की। चिरमिरी जिला अस्पताल में सीटी स्कैन सुविधा उपलब्ध होने से गंभीर एवं आपातकालीन मरीजों की जांच स्थानीय स्तर पर ही हो सकेगी। इससे मरीजों को जांच के लिए अन्य शहरों तक जाने की परेशानी से राहत मिलने के साथ समय और अतिरिक्त आर्थिक खर्च की भी बचत होगी। समय पर जांच उपलब्ध होने से चिकित्सकों को उपचार की दिशा तय करने में भी सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि शासन का प्रयास सरकारी अस्पतालों में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार करना है, ताकि आम नागरिकों को जांच एवं उपचार के लिए बड़े शहरों अथवा निजी अस्पतालों पर निर्भर न रहना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिरमिरी ने कोयला उत्पादन के माध्यम से लंबे समय तक देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का लाभ चिरमिरी एवं एमसीबी जिले के साथ आसपास और सीमावर्ती क्षेत्रों से उपचार के लिए आने वाले मरीजों को भी मिलेगा। अपने जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि उन्होंने इस दिन को मरीजों और आम नागरिकों के बीच मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भर्ती मरीजों से बातचीत की, उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। चिरमिरी जिला अस्पताल में सीटी ⏭ शेष पेज 2 पर



खबर संक्षेप

आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध जागरूकता गतिविधियां



बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनमिलन सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों के साथ पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी साझा की गई। इस दौरान समुदाय की सहभागिता से विभिन्न जागरूकता एवं सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की गईं। आंगनबाड़ी केन्द्र पतरापाली-1 में जागरूक महतारी, स्वास्थ्य लाइका एवं मेरी पौष्टिक थाली का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान किया गया। जागरूक महतारियों एवं मितानिनों ने अपने अनुभव साझा किए। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं एवं पोषण संबंधी जानकारी दी गई। हाथ धुलाई के विभिन्न चरणों का प्रदर्शन, मुनगा पौधरोपण तथा न्योता भोज का आयोजन भी किया गया।

खरवत के बूढ़ा तालाब में सामूहिक श्रमदान



बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान की भावना के अनुरूप स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश के लिए सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 01 अक्टूबर को विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम पंचायत खरवत स्थित बूढ़ा तालाब में एक घंटा, एक दिन, एक साथ श्रमदान गतिविधि का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री योगेंद्र श्रीवास के मार्गदर्शन में आयोजित श्रमदान के दौरान गणेश विसर्जन के बाद तालाब परिसर में बिखरी सामग्री, लकड़ी, पैरा एवं अन्य अपशिष्ट की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों और अभियान से जुड़े लोगों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी निभाई। श्रमदान के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

खड़गवां में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

बैकुंठपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में किया गया। प्रतियोगिता में खड़गवां विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने चित्रों और विचारों के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना, राष्ट्र निर्माण, नवाचार, सेवा, जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां रमा निवास मिश्रा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी ओमशंकर सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मेरे सपनों का भारत विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के 88 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

ग्रामीणों को अब स्थानीय स्तर पर मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

स्वास्थ्य मंत्री ने जरौंधा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सशक्त एमसीबी सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई। छत्तीसगढ़ शासन के आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंतर्गत जनपद पंचायत खड़गवां के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जरौंधा का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत खड़गवां की अध्यक्ष श्रीमती श्याम बाई मरकाम ने की। शुभारंभ समारोह में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता सिंह, जनपद पंचायत खड़गवां के उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह करियाम, जनपद सदस्य श्रीमती रामवती पोया एवं ग्राम पंचायत जरौंधा के सरपंच प्रदीप कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात रिबन काटकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जरौंधा का विधिवत शुभारंभ किया गया। मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य केन्द्र के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सेवाओं का जायजा लिया।



सामान्य उपचार और स्वास्थ्य जांच के लिए नहीं जाना पड़ेगा दूर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सहज और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रारंभ होने से जरौंधा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा गांव के नजदीक उपलब्ध होने से ग्रामीणों को सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूरस्थ क्षेत्रों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी। इससे समय और संसाधनों की बचत के साथ लोगों को आवश्यकता के समय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को गांवों तक पहुंचाने के साथ ही लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति ने बांधा समां

शुभारंभ समारोह में जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा द्वारा मनमोहक छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ी प्रस्तुति ने समारोह में विशेष आकर्षण जोड़ा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आनंद लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जरौंधा के शुभारंभ से जनपद पंचायत खड़गवां क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिली है। स्वास्थ्य केन्द्र के प्रारंभ होने से जरौंधा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाएं



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

- नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की हुई बैठक

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री, परिवहन और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के साथ नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित जागरूकता गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के संबंध में चर्चा की गई।

कलेक्टर श्रीमती यादव ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ नियमित निगरानी एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी अनहोनी का इंतजार किए बिना संवेदनशील एवं संभावित स्थानों पर लगातार जांच की जाए। गलियों, मोहल्लों, ढाबों, होटलों, मेडिकल स्टोर, पान दुकानों सहित अन्य स्थानों पर नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को ट्रक, पिकअप, बस एवं अन्य वाहनों की औचक जांच करने तथा मादक पदार्थों के अवैध परिवहन पर निगरानी रखने कहा। साथ ही आबकारी विभाग को अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध नियमित जांच और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में जनजागरूकता गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा विभिन्न विभागों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती यादव ने नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी को जिले में नकली एवं अमानक औषधियों की रोकथाम के लिए सघन प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश दिए।

अवैध खेती पर भी रहेगी नजर

राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को जिले में गांजा अथवा अन्य मादक पदार्थों से संबंधित अवैध खेती की संभावनाओं पर लगातार निगरानी रखने तथा ऐसी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

क्लस्टर खेलों में ईएमआरएस जमथान ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जमथान के खिलाड़ियों ने डोंगरिया में आयोजित तीन दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 40 विद्यार्थियों, जिनमें 20 बालक और 20 बालिकाएं शामिल थीं, ने विभिन्न खेल स्पधार्ओं में हिस्सा लिया।

टीम स्पधार्ओं के साथ-साथ व्यक्तिगत खेलों में भी जमथान के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कई खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जबकि अनेक विद्यार्थियों ने रजत पदक हासिल कर अगले स्तर के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका कबड्डी टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं अंडर-19 बालक कबड्डी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अंडर-19 बालक वर्ग की फुटबॉल टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। अंडर-19 बालक वॉलीबॉल टीम भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए उपविजेता रही। अंडर-19 बालिका फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों ने भी अपने खेल कौशल से प्रभावित किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने में सफलता हासिल की। टीम स्पधार्ओं के अलावा व्यक्तिगत स्पधार्ओं में भी ईएमआरएस जमथान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-19 बालक वर्ग में सूर्या सिंह ने हाई जंप में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं तुलेश्वर ने 5 किलोमीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंडर-19 बालिका वर्ग में निधि सिंह ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में वर्षा सिंह ने हाई जंप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा। शतरंज में भी जमथान के विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

राज्य स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद

क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों ने अपने अनुशासन, मेहनत और खेल कौशल के दम पर विभिन्न स्पधार्ओं में बेहतर परिणाम हासिल किए। विशेष रूप से टीम स्पधार्ओं में मिली सफलता ने विद्यालय की खेल प्रतिभा को सामने रखा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों से अब इससे भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

डिजिटल कम्प्यूटर कॉलेज में पुराने कम्प्यूटर

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

शिक्षा के क्षेत्र में निजी कंम्पयूटर कॉलेज वाले लोभलुभावने लालच देकर एडमिशन ले लिवा लेते लेकिन शिक्षा के क्षेत्र शैक्षणिक स्तर सुधारने रुचि नहीं दिखाई देती है। और इतना ही नहीं सरकार भी किसी तरह की इन पर निगरानी निरीक्षण नहीं होने से मनमानी चल रही है। अनूपपुर जिले के कोतमा में स्थित डिजिटल कम्प्यूटर कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर छात्रों में असंतोष सामने आ रहा है। विद्यार्थियों से मिली जानकारी अनुसार कि संस्थान में कम्प्यूटर शिक्षा के लिए उपलब्ध संसाधन आधुनिक समय की आवश्यकता के अनुरूप नहीं हैं।

कॉलेज में पुराने जमाने के कम्प्यूटरों के उपयोग के साथ इंटरनेट सुविधा का अभाव भी विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्रभावित कर रहा है। छात्रों के अनुसार कम्प्यूटर शिक्षा का मूल आधार ही आधुनिक तकनीक और इंटरनेट है, लेकिन यदि विद्यार्थियों को पुराने कम्प्यूटरों पर प्रशिक्षण दिया जाता है जों बीच-बीच में हैंग हो जाते और साथ इंटरनेट की धीमी गति से आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं पर्याप्त नहीं मिल पाती है है।

- शैक्षणिक व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

जिससे यहां अध्ययन रत छात्र को उन्हें वर्तमान तकनीकी क्षेत्र की जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने में परेशानी होती है। विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रबंधन से कम्प्यूटर सिस्टम को अपडेट कराने तथा पर्याप्त एवं नियमित इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कि विद्यार्थियों को एक समान शैक्षणिक सुविधा और मार्गदर्शन मिलना चाहिए जो नहीं मिल पा रहा है। छात्रों ने मांग की है कि कॉलेज में आधुनिक कम्प्यूटर, बेहतर इंटरनेट सुविधा तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि डिजिटल शिक्षा के नाम पर विद्यार्थियों को पुरानी तकनीक तक सीमित न रहना पड़े।

मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता

बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा चित्र कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में किया गया। 28 सितंबर को प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर तथा 29 सितंबर को हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय मेरे सपनों का भारत रखा गया था। कार्यक्रम कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष नविता शिवहरे, जनपद पंचायत बैकुंठपुर के उपाध्यक्ष प्यारे लाल साहू, भाजपा महामंत्री पंकज गुप्ता व कपिल जायसवाल, भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ से गोकरण शुक्ला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, विकासखंड स्रोत समन्वयक निलेश शुक्ला तथा संस्था के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया। गोकरण शुक्ला ने कहा कि मेरे सपनों का भारत केवल प्रतियोगिता का विषय नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी के संकल्पों और भविष्य की कल्पनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्यारे लाल साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें व्यवहार में उतारने का संकल्प है। ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और सामाजिक संवेदनशीलता को विकसित करती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उत्साह की प्रशंसा की।



गांधी जयंती पर छठ घाट में स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नगर विकास को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में चरचा के हृदय स्थल कहे जाने वाले छठ घाट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यक्रम स्थल को तैयार किया गया। नगर पालिका कर्मचारियों ने घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर कचरे एवं गंदगी को हटाया। स्वच्छता अभियान के दौरान नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान, भूपेंद्र यादव सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।



कर्मचारियों द्वारा छठ घाट परिसर की सफाई के साथ ही आसपास के स्थानों को भी व्यवस्थित किया गया। आगामी कार्यक्रम को देखते हुए घाट परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पालिका शिवपुर-चरचा द्वारा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर छठ घाट परिसर में ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल के तहत ह्यस्वच्छता ही सेवा-2026 कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र में प्रस्तावित एसटीपी निर्माण कार्य का भूमिपूजन प्रातः 8:30 बजे किया जाएगा। नगर पालिका के अनुसार एसटीपी निर्माण की लागत 422.00 लाख रुपए निर्धारित है। कार्यक्रम के दौरान छठ घाट परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और नगर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। पौधारोपण के साथ ही लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं उनकी देखरेख को लेकर भी

इंद्रपुर में आयोजित जगराता कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व नपाध्यक्ष



बैकुण्ठपुर। जिले के बचरापोड़ी क्षेत्र के ग्राम इंद्रपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ लोक गायक सुमित देवगन स्टार नाइट सोनहत बैकुंठपुर की शानदार प्रस्तुति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय युवाओं ने फूल-मालाओं से आत्मीय जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ हमारी परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने का कार्य करता हैं। छत्तीसगढ़ लोक गायक सुमित देवगन स्टार नाइट सोनहत बैकुंठपुर की शानदार प्रस्तुति कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। देर रात तक भक्ति गीतों और माता के जयकारों से पूरा इंद्रपुर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

प्रारंभिक तौर पर जिले के 45 ग्राम पंचायतों में यह लागू

कचरे का सही पृथक्करण करके ही पूरा होगा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2026 पर आज जिला पंचायत कोरिया के सभागार में ग्राम पंचायत के सरपंचों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास और जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन की उपस्थिति में ग्राम पंचायतों के सरपंचों को राज्य स्वच्छता सलाहकार पुरूषोत्तम पांडा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उन्मुखीकरण किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तर्ज पर संपूर्ण स्वच्छता के अभियान से जोड़ते हुए ग्राम पंचायतों में निकलने वाले हर कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से प्रबंधन किया जाना है।



इसके लिए अलग अलग रंग के डिब्बे निर्धारित कर प्राथमिक स्तर पर ही कचरे का सही पृथक्करण किया जाएगा। प्रारंभिक तौर पर जिले के 45 ग्राम पंचायतों में यह लागू होगा और यहां स्वच्छताग्राही महिलाओं द्वारा घर से कचरे को अलग अलग रंग के डिब्बों में एकत्र किया जाएगा। सरपंचों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने कहा कि कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव द्वारा लगातार स्वच्छता के लिए कार्यों की स्वीकृति देकर जिले में स्वच्छता के संसाधन बनाए जा रहे हैं। राज्य सलाहकार श्री पांडा ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अपने ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता के लिए जागरूक करना होगा। इसके लिए आप अपने स्वच्छताग्राही महिलाओं को कचरे का प्रबंधन करने के लिए सही तरीके से प्रशिक्षित करें और वातावरण निर्माण कराएं जिससे आम ग्रामीणों को इसका सही महत्व पता चल सके।

चार तरह के कचरे के लिए चार रंग

राज्य सलाहकार ने आज मंथन कक्ष में उपस्थित सभी सरपंचों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत अलग-अलग तरह के कचरे के संग्रहण के लिए अलग अलग रंगों के डिब्बों का उपयोग और उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। पहले गीले कचरे के लिए हरा और सूखे कचरे के लिए नीला डिब्बा उपयोग में लिया जाता था। प्रशिक्षण कार्यशाला में राज्य सलाहकार ने कचरे के प्रबंधन के लिए किए जाने वाले कार्यों तथा ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालयों और परिसरों की साफ सफाई के लिए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को अधिकार प्रदान करने तथा नियमित रूप से शुल्क लिए जाने के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने की समझाइश प्रदान की। उन्होने ग्राम पंचायतों में होने वाले सार्वजनिक उत्सवों, शादी ब्याह के अवसरों पर भी विशेष तौर पर सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग एक निर्धारित शुल्क के साथ कराए जाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

कोरिया मॉडल को अपना रहे राज्य

आज अपने एक दिवसीय दौरे पर कोरिया आए राज्य स्वच्छता सलाहकार श्री पांडा ने कहा कि आपके जिले में सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के लिए उनके सामने बनाई गई दुकानों का माडल केंद्रीय स्तर पर अपनाया जा चुका है। हर राज्य से विशेष प्रशिक्षण की मांग आने से यह स्पष्ट है कि आपने पहले ही कोरिया जिले में स्वच्छता को लेकर उल्लेखनीय कार्य कर दिया है। यह गर्व का विषय है। उन्होंने सरपंचों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने हर गांव को स्वच्छता का मानक गांव बनाने के लिए अब और गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है।

